Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding sanctioning/approving of Bilara-Ras railway line in Pali district of Rajasthan.

श्री पी. पी. चौधरी: महोदय, हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश में रेलवे के क्षेत्र में अनेक नए आयाम स्थापित हुए हैं। मैं आपका ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र पाली में वर्षों से लंबित बिलाड़ा-बर रेल लाइन की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि इस रेल मार्ग को वर्ष 1997 में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा स्वीकृत कर शिलान्यास किया गया, लेकिन इस पर ठोस अमल नहीं हो पाया है।

महोदय, मेरे प्रथम बार सांसद बनने से लेकर अभी तक लगातार मैं इस मांग को सदन एवं माननीय रेल मंत्रियों के समक्ष उठाता रहा हूं। मैं उन सभी मंत्रीगणों धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने वर्ष 2014 से अब तक, जब-जब यह मुद्दा उठाया है, उस पर नया सर्वे स्वीकृत कर इस कार्य को आगे बढ़ाने हेतु प्रयत्न किए। लेकिन रेल मंत्रालय द्वारा पांच-छह बार अलग-अलग वर्षों में सर्वे कराए जाने पर भी नेगेटिव प्रतिफल के कारण प्लानिंग कमिशन द्वारा इस योजना को 'कमर्शियल नॉट वॉयबल' बताकर छोड़ दिया जाता रहा है। मेरे आग्रह पर हमारे वर्तमान रेल मंत्री माननीय अश्विनी वैष्णव जी द्वारा वर्ष 2021 में बिलाड़ा-बर लाइन के विकल्प के रूप में बिलाड़ा से रास नई रेल लाइन, जो कि 50 किलोमीटर है, उसका सर्वे स्वीकृत किया है। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

मान्यवर, इस क्षेत्र में अब काफी मात्रा में लाइम स्टोन, सीमेंट, हैंडीक्राफ्ट आदि के उद्योग विकसित होने के कारण यह रेल मार्ग कमर्शियली वॉयबल हो गया है। यह लाइन सामरिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखती है। यदि बिलाड़ा से रास को नई रेल लाइन से जोड़ दिया जाता है, तो हजारों की संख्या में लोगों को रेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही जोधपुर से अजमेर को भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी तथा जोधपुर से जयपुर-दिल्ली की दूरी भी काफी कम होगी।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस आमजन हिताय और वर्षों से लम्बित बिलाड़ा-रास रेल लाइन को अतिशीघ्र स्वीकृत करने की कृपा करें।

माननीय सभापति : मोहम्मद जावेद जी।

वैसे प्रश्नकाल में आपके विषय पर चर्चा हो गयी है।